## संक्षिप्त समाचार

### 5 से 21 जून तक जनजागरूकता अभियान चलेगा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशों के क्रम में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को व्यापक स्तर पर जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से सिंचाई विभाग मुख्यालय में जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, उपलब्धियों एवं जनहितकारी कार्यक्रमों की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

### तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत

**प्रयागराज।** जिले के गंगानगर के थरवई थाना क्षेत्र के कटियाही गांव में तालाब में डूबने से दो सगे भाई-बहन की मौत हो गई। काफी देर बाद दोनों का शव तालाब से बाहर निकाला गया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। कटियाही गांव निवासी मनमोहन यादव की पुत्री सुषमा यादव की शादी सोरांव क्षेत्र में अवधेश कुमार यादव के साथ हुई है। सुषमा को पांच बच्चे तीन बेटे और दो बेटियां हैं। वह अपने बच्चों के साथ मायके द्धकटियाहीत्र में ही रहती है। रविवार उसके दो बच्चे सचिन द्ध12त्र और मधु द्ध14त्र नहाने के लिए घर के पास स्थित तालाब में गए थे। काफी देर बाद भी नहाकर नहीं निकलने पर खोजबीन शुरू हुई तो भाई-बहन की लाश तालाब में मिली। सचिन कक्षा तीन और मधु कक्षा छह में पढ़ती थी। दोनों गांव के ही स्कूल में पढ़ने जाते थे।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार अधिवक्ता की मौत

**प्रयागराज।** जिले के नगर क्षेत्र के कर्नलगंज थाना क्षेत्र के सीएवी इंटर कॉलेज के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अधिवक्ता की मौत हो गई। सिविल लाइंस से अल्लापुर की तरफ जाने के दौरान हादसा हुआ। अधिवक्ता की पहचान धर्मेंद्र कुमार (39) के रूप में हुई है। सिविल लाइंस से अल्लापुर की तरफ जाने के दौरान हादसा हुआ। । वह वाराणसी के मूल निवासी बताए जा रहे हैं। बाइक से सिविल लाइंस आए थे। वह अल्लापुर जा रहे थे। सीएवी इंटर कॉलेज के पास किसी वाहन ने टक्कर मार दी।

# प्रतिबंधित कोडीन सिरप की बड़ी खेप हुई बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोंडा।** प्रदेश के नोएडा से गोंडा पहुंची प्रतिबंधित कोडिन सिरप की एक बड़ी खेप को ड्रग विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बरामद कर लिया गया। बता दें कि,यूपी एसटीएफ की प्रदेशव्यापी मुस्तैदी के बीच जनपद के महादेवा क्रासिंग के पास स्थित एक अनाम कूरियर सेंटर पर शनिवार की रात यह छापेमारी की गई।


इस दौरान मौके पर पहुंचे ड्रग इंस्पेक्टर सुमित वर्मा और नगर कोतवाली पुलिस ने 132 पेटियों में भरी कुल 19,790 शीशी श।सजवतम ब्क्श कोडिन सिरप को अपने कब्जे में ले लिया। इस भारी खेप की अनुमानित कीमत लगभग 12,46,770 रुपये आंकी गई है, जो नोएडा के सेक्टर 58 स्थित शलिलैडिको रेमीडीज प्रा. लि.श से मंगवाई गई थी।ह इतनी भारी मात्रा में कोडीन सिरप की यह खेप मुख्यालय के भगत राज काम्प्लेक्स, आर्यनगर में स्थित शगायत्री फार्माश के नाम पर बुलाई गई थी। कूरियर सेंटर से माल छुड़ाने पहुंचे गायत्री फार्मा के मालिक सुधाकर दुबे पुलिस की भनक लगते ही मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है। ड्रग विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गायत्री फार्मा के खिलाफ फार्म-15 के तहत विधिक कार्रवाई की है।

# स्थानांतरण नीति को लेकर कर्मचारी खफा

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने प्रस्तर 12 को स्पष्ट करने के लिए मुख्य सचिव को भेजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने आज प्रदेश के मुख्य सचिव के आधिकारिक ईमेल पोर्टल पर पत्र भेजकर स्थानांतरण नीति विषयक शासनादेश 2026 के प्रस्तर 12 को कार्मिक विभाग द्वारा स्पष्ट किए जाने तथा विभागीय अधिकारियों को प्रस्तर 12 का वास्तविक उद्देश्य स्पष्ट करने के लिए पत्र भेजा है।



संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने अवगत कराया है कि स्थानांतरण नीति विषयक शासनादेश के प्रस्तर 12 में मान्यता प्राप्त संगठनों के अध्यक्ष/सचिव जिसमें जनपद शाखा के अध्यक्ष एवं सचिव भी सम्मिलित हैं ,को उनके पद पर निर्वाचन की तिथि से 2 वर्ष तक स्थानांतरण से मुक्त रखने के निर्देश निर्गत किए गए हैं। संगठनों के संविधान के अनुसार जनपद शाखाओं में सचिव के स्थान पर मंत्री एवं प्रदेश स्तर पर सचिव के स्थान पर महामंत्री के पद पर निर्वाचन होता है। प्रदेश स्तर पर महामंत्री एवं जनपद स्तर पर मंत्री पद नाम से संगठनों के लेटर हेड प्रयोग में लाए जाते हैं जो शासन/ प्रशासन स्तर पर लगातार प्रचलन में है तथा संगठनों के लेटर हेड पर अंकित महामंत्री एवं मंत्री पद पर कार्मिक अथवा किसी विभाग ने कोई आपत्ति नहीं किया है।ऐसी स्थिति में जनपद स्तर पर मंत्री अथवा सचिव एवं प्रदेश स्तर पर महामंत्री अथवा सचिव ही संगठन का संचालन करते हैं। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने पत्र के माध्यम से मुख्य सचिव से अनुरोध किया है कि स्थानांतरण नीति विषय शासनादेश 2026 के प्रस्तर 12 को इस सीमा तक स्पष्ट कर दिया जाए कि सचिव अथवा मंत्री, महामंत्री अथवा सचिव, जिस भी पदनाम से चुनाव हुआ हो, उस पदधारक को स्थानांतरण से मुक्त रखा जाए साथ ही विभागों को भी या निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया है कि जनपद स्तर पर सचिव अथवा मंत्री तथा प्रदेश स्तर पर सचिव अथवा महामंत्री, केवल एक ही पद का निर्वाचन होता है।

## पूरे प्रदेश में हुई बरसात से गिरा पारा, गर्मी से मिली लोगों को राहत

# 58 जिलों में बारिश आंधी का अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** पूरे प्रदेश में झमाझम बारिश के बीच पारा गिरने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है जहां एक और लोग गर्मी से बेहाल थे, वहीं दूसरी ओर बे मौसम बारिश ने मौसम को सुहाना बना दिया है। मौसम विभाग में 58 जिलों में आंधी बारिश और तूफान को लेकर अलर्ट जारी किया है।



पूर्वानुमान नौतपा के बीच प्रदेश में मौसम पूरी तरह से बदल गया है। शनिवार को करीब-करीब पूरे प्रदेश में आंधी और बारिश का असर रहा। जिससे तापमान में गिरावट हुई।उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने से भीषण गर्मी से राहत मिली है, लेकिन तेज आंधी और बारिश ने कई क्षेत्रों में नुकसान की आशंका भी बढ़ा दी है। शनिवार को प्रदेश के अधिकांश जिलों में तेज हवाएं, गरज-चमक और बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने रविवार के लिए 58 जिलों में आंधी, बिजली गिरने और तेज हवाओं का येलो अलर्ट जारी किया है। दौरान इटावा में सर्वाधिक 56 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा आगरा में 46.6 मिमी, कन्नौज में 45 मिमी, हमीरपुर में 24 मिमी और मथुरा में 12 मिमी बारिश हुई। आगरा में आंधी के दौरान हवाओं की रफ्तार 100 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक दर्ज की गई, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। तेज हवाओं से पेड़ों, बिजली लाइनों और कच्चे ढांचों को नुकसान पहुं. चने की आशंका जताई जा रही है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार कई जिलों में 40 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, गरज-चमक के साथ बारिश होने और बिजली गिरने की संभावना है। बादलों और बारिश की सक्रियता से प्रदेशभर में तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहज. हांपुर, संभल, बदायूं, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर समेत आसपास के क्षेत्रों में आंधी, गरज-चमक और तेज हवाओं की संभावना है।

## अहिल्या बाई होलकर की मनाई जयंती




**लखनऊ।** राज माता अहिल्याबाई ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भारत भर के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मन्दिर बनवाए, घाट बंधवाए, कुओं और बावड़ियों का निर्माण किया, मार्ग बनवाए-काशी विश्वनाथ में शिवलिंग को स्थापित किया भूखों के लिए अन्नसत्र अन्यक्षेत्र खोले प्यासों के लिए प्याऊ बिठलाई मन्दिरों में विद्वानों की नियुक्ति शास्त्रों के मनन चिन्तन और प्रवचन हेतु की लोक राज माता अहिल्या बाई होलकर जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की सपा जिलाध्यक्ष बुलन्दशहर मतलूब अली की अध्यक्षता व संचालन कृष्ण पाल सिंह यादव जिला महासचिव ने किया गोष्ठी का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से मुजाहिद अन्शारी वरिष्ठ नेता हाजी अख्तर अली प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी मजदूर सभा चौधरी चन्द्रपाल सिंह प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग चौधरी विधा सिंह राजू अल्वी राष्ट्रीय सचिव विधानसभा अध्यक्ष जाकिर बबलू मुख्तार अहमद काशिम प्रधान तनवीर खां ब्लॉक बुलन्दशहर अध्यक्ष समशाद खां जिला सचिव विनीत राणा राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा अमित त्यागी जिला सचिव तिलक चन्द लोधी जिला उपाध्यक्ष शिक्षक सभा आदि शामिल थे।

# नहरों में नहीं है पानी चौपट हो रही किसानी

**जगदीशपुर -अमेठी।** धान की नर्सरी करने के ऐन मौके पर नहरों मे पानी नदारद है जिसके चलते किसानों की किसानी चौपट होने की कगार पर है विभागीय अधिकारीगण बेखबर हैं।

विकास खंड के अंतर्गत स्थित सरेसर,रानीगंज, वारिसगंज, जाफरगंज, औद्योगिक क्षेत्र जगद. ीशपुर, आनंदनगर, थौरी, कटेहटी, मद्दूपुर उमरवल, चौधीपुर समेत विभिन्न माइनरों मे अभी तक पानी नहीं छोडा गया है जबकि किसान धान की नर्सरी डालने के लिए टड्ूबवेलों का सहारा लेने के लिए मजबूर हैं कुछ किसान माइनर मे पानी आने का इंतज़ार कर रहे हैं कि यदि पानी आ जाता तो खेतो मे पानी भरकर धान की बुआई कर देते। समय से माइनरों मे पानी ना आने से किसानों की खेती चौपट हो रही है रमेश, जगमोहन, राजेश, बकरीदी, साहब लाल आदि किसानों ने बताया कि माइनरों में पानी तब आता है जब भयंकर बरसात होने लगती है इस मौके पर जब जरूरत है तो नहरे सूखी पडी रहती हैं सिचाई विभाग के अधिकारियो की उदासीनता के चलते किसान परेशान हैं किसानों ने अधिक. ारीगणो से मांग है कि नहरों मे पानी छोडा जाए, जिससे किसानों की समस्या का समाधान हो सके।

### टीएमसी के पूर्व विधायक खोकन दास प्रयागराज में गिरफ्तार

**प्रयागराज।** पश्चिम बंगाल की वर्धमान दक्षिण सीट से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के पूर्व विधायक खोकन दास पश्चिम बंगाल की पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से जिले के हंडिया टोल प्लाजा के पास से खोकन दास को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ पश्चिम बंगाल में जबरन वसूली समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस रिमांड लेकर खोकन दास को पश्चिम बंगाल ले जाएगी। 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में खोकन दास ने फिर बर्धमान दक्षिण सीट से चुनाव लड़ा, पर उन्हें भाजपा उम्मीदवार मौमिता बिस्वास मिश्रा से हार का सामना करना पड़ा।

# प्रशिक्षु आईपीएस प्रदीप कुमार को भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोंडा।** जनपद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी प्रदीप कुमार का प्रशिक्षण कार्यकाल पूर्ण होने पर कैंप कार्यालय में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर प्रशिक्षु आईपीएस को वहां मौजूद अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल पुलिस सेवा जीवन की शुभकामनाएं प्रदान की गईं। अपने प्रशिक्षण काल के दौरान प्रदीप कुमार ने थाना प्रभारी मोतीगंज के रूप में कार्य कर जनपद में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, विवेचना, जनसुनवाई एवं सामुदायिक पुलिसिंग के विभिन्न पहलुओं का गहन अध्ययन किया । उन्होंने पुलिस कार्यप्रणाली को निकटता से समझते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किए। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि प्रदीप कुमार ने अपने प्रशिक्षण काल में कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं सीखने की उत्कृष्ट क्षमता का परिचय दिया। उनका सकारात्मक दृष्टिकोण एवं कार्य के प्रति समर्पण भाव भविष्य में उन्हें एक कुशल एवं प्रभावी पुलिस अधिकारी के रूप में स्थापित करेगा।

इस दौरान अपने संबोधन में प्रशिक्षू आईपीएस ने कहा कि, अपने प्रशिक्षण कार्यकाल के दौरान अधिकारियों के मार्गदर्शन, सहयोग एवं आत्मीयता के लिए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल सहित समस्त अधिक. ारियों एवं कर्मचारियों का वे आभारी हैं । उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्राप्त अनुभव एवं सीख उनके भावी सेवा जीवन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे।इस अवसर पर एएसपी,सीओ समेत कई अधिक. ारी मौजूद रहे।

# डीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा रविवार को आयोजित सहायक आचार्य, राजकीय महाविद्यालय परीक्षा -2025 तथा रविवार को ही बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के द्वारा आयोजित को बीद्ग एडद्ग संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026-28 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत विभिन्न विद्यालयों में बनाये गये परीक्षा केन्द्र एवं कंट्रोल रूम का किया।



उन्होंने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा रविवार को आयोजित सहायक आचार्य, राजकीय महाविद्यालय (प्रा)परीक्षा -2025 एवं रविवार को ही बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के द्वारा आयोजित बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026-28 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत आर्य कन्या इंटर कॉलेज मुट्ठीगंज , रमा देवी इंटर कॉलेज बालिका कॉलेज सहित अन्य कॉलेजों में बनाये गये परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया तथा सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित रखने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों, केन्द्र व्यवस्थापकों को जिम्मेदारी, संवे. दनशीलता व निर्धारित गाइडलाइन का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा केंद्रों पर बनाये हुए सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर कैमरो के माध्यम से मानिटरिंग को भी देखा।

# दरगाहों-मजारों की पवित्रता से कोई समझौता नहीं होगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस के महासचिव मोहम्मद इरफान खान कादरी ने कहा है कि केजीएमयू परिसर स्थित हज़रत हाजी हरमैन शाह की दरगाह और अन्य पुराने मज़ार लखनऊ की धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान का अहम हिस्सा हैं, जिनकी सुरक्ष सुनिश्चित की जानी चाहिए।



उन्होंने कहा कि ये दरगाहें और मज़ार लंबे समय से लोगों की आस्था और श्रद्धा के केंद्र रहे हैं। साथ ही ये लखनऊ की गंगा-जमुनी तहज़ीब और साझा सांस्कृतिक विरासत की भी प्रतीक हैं। अब तक ऐसा कोई ठोस कानूनी या ऐतिहासिक प्रमाण सामने नहीं आया है जिससे इनके अस्तित्व या महत्व पर सवाल उठाया जा सके। दरगाह की भूमि के उपयोग और वहां पार्किंग बनाए जाने को लेकर पहले से ही लोगों में चिंता है। ऐसे में किसी भी तरह की एकतरफा कार्रवाई, कब्जे की कोशिश या धार्मिक-ऐतिहासिक धरोहर को नुकसान पहुंचाने वाला कदम स्वीकार नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर कानूनी लड़ाई जारी रखी जाएगी। लखनऊ के शिया-सुन्नी समेत सभी अमनपसंद नागरिक अपने साझा धार्मिक और ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण के पक्ष में हैं। दरगाहें, खानकाहें और मज़ार शहर की पहचान, आपसी सौहार्द और धार्मिक सद्भाव की निशानी हैं।उन्होंने कहा कि आल इंडिया मुस्लिम मजलिस संविधान, कानून के शासन और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखती है। यदि ऐतिहासिक मज़ारों या दरगाहों के खिलाफ कोई अनुचित कार्रवाई हुई तो संवैधानिक और कानूनी दायरे में उसका विरोध किया जाएगा।



**सुल्तानपुर।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर जनहित पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में सरदार वल्लभभाई पटेल साम. ुदायिक भवन में आयोजित स्मारिका विमोचन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मंडल स्तरीय पत्रकारों का जमघट देखने को मिला। जनहित पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता रामबरन पीजी कॉलेज, जयसिंहपुर के प्रबंधक अजय सिंह ने की। मुख्य अतिथि वरिष्ठ सर्जन डा. ए.के. सिंह रहे, जबकि तहसीलदार सदर देवानंद तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि दूबेपुर अखिलेश प्रताप सिंह डिंपल भैया तथा पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज के प्राचार्य मनोज कुमार त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# चरित्र निर्माण में नशामुक्ति सच्ची जागरूकता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** विश्व तम्बाकू रहित दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी कार्यालय, प्रयागराज क्षेत्र, प्रयागराज द्वारा सिविल डिफेन्स एवं लायन्स क्लब के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय उद्यान शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क एक भव्य जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति सत्यवीर सिंह, न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री नीरज मिश्रा, उपनियंत्रक सिविल डिफेन्स, प्रयागराज, श्री राजीव तिवारी, सहायक उपनियंत्रक सिविल डिफेन्स, प्रयागराज तथा लायन्स क्लब के लायन अर्पणधर दुबे, मंडलाध्यक्ष , लायन उदय चंदानी,उपमंडलाध्यक्ष प्रथम लायन उमेश चंद्र कक्कड़, उपमंडलाध्यक्ष द्वितीय लायन शीतला प्रसाद श्रीवास्तव, प्रोटोकाल अधिकारी ,सदस्य नशा मुक्त भारत अभियान, पवन पाण्डेय यातायात निरीक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन सुश्री चारूल मिश्रा, क्षेत्रीय मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी, प्रयागराज क्षेत्र द्वारा किया गया। माननीय न्यायमूर्ति सत्यवीर सिंह द्वारा हरी झण्डी दिखाकर जनजागरूकता रैली को रवाना किया गया। इस अवसर पर माननीय न्यायमूर्ति श्री सत्यवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नशामुक्ति केवल एक सरकारी अभियान या औपचारिक संकल्प तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे प्रत्येक व्यक्ति के चरित्र एवं जीवनशैली में उतारना आवश्यक है। माननीय न्यायमूर्ति महोदय ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों को नशामुक्त भारत के निर्माण हेतु संकल्प भी दिलाया। उपनियंत्रक सिविल डिफेन्स श्री नीरज मिश्रा एवं सहायक उपनियंत्रक श्री राजीव तिवारी ने कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से ही नशामुक्त समाज का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। सुश्री चारुल मिश्रा क्षेत्रीय मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी प्रयागराज क्षेत्र प्रयागराज ने भी तम्बाकू एवं नशे के विरुद्ध निरंतर जन-जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# वैदपुरा हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार



शाह टाइम्स ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र स्थित वैदपुरा गांव में युवक दीपक नागर की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने रविवार को बड़ी सफलता हासिल करते हुए 25 हजार रुपये के इनामी मुख्य आरोपी समेत दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हथियार, अवैध शस्त्र तथा वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की है।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से मुख्य आरोपी प्रीत नागर पुत्र कल्लू उर्फ कालू तथा उसके सहयोगी दीपक उर्फ क्रिश नागर पुत्र जगत नागर को खैरपुर गोलचक्कर के पास सर्विस रोड से गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार आरोपी प्रीत नागर के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं, जबकि दीपक उर्फ क्रिश नागर के पास से एक तमंचा और कारतूस मिला है। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई है।

डीसीपी ने बताया कि वैदपुरा गांव में दीपक नागर की गोली मारकर हत्या के संबंध में थाना ईकोटेक-3 में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस पहले ही छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। हत्या का मुख्य आरोपी प्रीत नागर घटना के बाद से फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

पूछताछ के दौरान आरोपी प्रीत नागर ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2011 में उसके पिता कालू की हत्या हुई थी। उस मामले में मृतक दीपक नागर के पिता भी आरोपी थे, लेकिन वे बरी हो गए थे। आरोपी ने बताया कि इसी रंजिश और बदले की भावना के चलते उसने अपने साथियों के साथ मिलकर दीपक नागर की हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया।

डीसीपी ने बताया कि पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया था कि आरोपी प्रीत और उसके भाई हर्ष अपने पिता की हत्या के मामले को लेकर लंबे समय से रंजिश रखे हुए थे। इसी कारण उन्होंने दीपक नागर को निशाना बनाया।

उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस पूर्व में नवीन, अभि उर्फ अभय, आकाश और मोगली उर्फ पवन को गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं, मुख्य आरोपियों में शामिल जगत और हर्ष उर्फ राजेश को एक मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के अनुसार मामले की जांच जारी है और आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। दीपक नागर हत्याकांड में अब तक कुल आठ आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

# नाइजीरियाई नागरिक का शव मिला

## दिमागी हालत ठीक नहीं थी, मौत के कारणों का नहीं चला पता, पोस्टमार्टम के लिए भेजा



शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक नाइजीरियाई नागरिक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार, जीटा-1 निवासी चार्ल्स कैनेडी ने सूचना दी कि करीब 39 वर्षीय नाइजीरियाई नागरिक माइक का शव सिग्मा अपार्टमेंट के पास पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही बीटा-2 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मृतक माइक मानसिक और शारीरिक रूप से अस्वस्थ था। स्थानीय लोगों के अनुसार वह अक्सर क्षेत्र में घूमता रहता था और कई बार खुले स्थानों पर ही सो जाता था।

पुलिस को शुरुआती जांच में किसी बीमारी के कारण मौत होने की आशंका है। हालांकि, मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बिजली की समस्या पर यात्रा शुरू की

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी तहसील के आमका गांव में दा ग्रांड सिटी कॉलोनी में 12 साल से बिजली की आपूर्ति न होने से एक युवक ने पदयात्रा शुरू की है। हाथ में तिरंगा और बैनर के साथ चल रहे युवक विकास का कहना है कि समस्या के समाधान के लिए वह लखनऊ जाकर जनता दरबार में मुख्यमंत्री से जाकर गुहार लगाएगा। युवक का कहना है कि कॉलोनी में चालीस घर हैं, जिनकी आबादी सवा दौ सौ के करीब है। आरोप है कि कुछ कॉलोनाइजर ने सुविधा का आश्वासन देकर भूखंड बेच दिए, मगर 12 साल बाद भी बिजली नहीं मिल सकी है। अधिकारियों से शिकायत भी की गई, मगर कोई कार्रवाई हुई।

# गार्ड का लाइसेंसी बंदूक चुराने वाले चार गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** पुलिस ने सुरक्षा गार्ड के कंधे से लाइसेंसी बंदूक चोरी करने की घटना का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया।

एसीपी प्रवीण सिंह ने बताया कि बीते शनिवार को एक सुरक्षा गार्ड सड़क किनारे सो रहा था। उसके कंधे पर काले बैग में लाइसेंसी बंदूक टंगी थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार चार युवकों की नजर बंदूक पर पड़ी। आरोपियों ने मौका देखकर बंदूक चोरी कर ली और वहां से फरार हो गए।

थाना सेक्टर-20 पुलिस ने शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की। रविवार को सेक्टर 31 स्थित भगत सिंह पार्क से चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके कब्जे से चोरी की गई लाइसेंसी बंदूक, चार कारतूस, सुरक्षा गार्ड की सीटी, बैंक पासबुक, घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल और दो चाकू बरामद किए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिव्यांशु शुक्ला उर्फ भूरी, शिवम , साहिल शर्मा और आर्यन सिंह के रूप में हुई है। आरोपी नोएडा, बुलंदशहर और हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों के निवासी हैं। सभी की उम्र 19 से 22 साल के बीच है।



**पूछताछ और कानूनी कार्रवाई:** पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने सुरक्षा गार्ड को सोता हुआ देखा था और बंदूक को आसानी से चोरी कर लिया। चाकू बरामद होने के चलते आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अलग से कार्रवाई की गई है। जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी दिव्यांशु शुक्ला के खिलाफ पहले भी चोरी और आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं।

**पुलिस की कार्रवाई:** पुलिस ने चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते चोरी गई लाइसेंसी बंदूक को समय रहते बरामद कर लिया गया, जिससे किसी बड़ी वारदात की आशंका टल गई। चारों आरोपी दोस्त हैं। मुख्य आरोपी के साथियों का भी आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है।

## एक नजर

### जिला अस्पताल को मिला नया सीएमएस



**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सरकार ने सिद्धार्थनगर में तैनात डॉ. अशोक कुमार झा को गौतम बुद्ध नगर जिला अस्पताल का मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) नियुक्त किया है। जिला अस्पताल में सीएमएस का पद लगभग एक साल से खाली था। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रेनू अग्रवाल की सेवानिवृत्ति के बाद से, डॉ. अजय राणा कार्यवाहक सीएमएस के तौर पर जिम्मेदारियां निभा रही थीं।

### चंद्रशेखर बने नए जिला विद्यालय निरीक्षक

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** शासन ने चंद्रशेखर को गौतमबुद्ध नगर का नया जिला विद्यालय निरीक्षक नियुक्त किया है। वह वर्तमान में आगरा में डीआईओएस के पद पर कार्यरत हैं। मौजूदा डीआईओएस राजेश कुमार सिंह को उप डायट प्राचार्य के साथ एडी बेसिक, सहारनपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। चंद्रशेखर मंगलवार को पदभार ग्रहण करेंगे।

### टाटा यूरेका पार्क में मेंटेनेंस शुल्क बढ़ाने पर बवाल

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा के सेक्टर-150 स्थित टाटा यूरेका पार्क सोसायटी के निवासियों ने रविवार को कॉमन एरिया मेंटेनेंस (बाड) शुल्क में 48 प्रतिशत की वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन टाटा के सेल्स और मेंटेनेंस ऑफिस के बाहर किया गया। निवासियों ने बढ़ी हुई दरों को तत्काल वापस लेने और शुल्क निर्धारण में पारदर्शिता की मांग की है।

निवासियों के मुताबिक, सोसायटी का मेंटेनेंस शुल्क घ्4.96 प्रति वर्ग फुट से बढ़ाकर घ्7.30 प्रति वर्ग फुट कर दिया गया है। उनका आरोप है कि यह पिछले एक वर्ष के भीतर दूसरी बड़ी शुल्क वृद्धि है, जिससे हजारों परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सोसायटी में रखरखाव सेवाओं का स्तर संतोषजनक नहीं है। उन्होंने लिफ्टों के बार-बार खराब होने, शिकायतों के निस्तारण में देरी, खराब सफाई व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी कमियों जैसी समस्याओं का उल्लेख किया। निवासियों का कहना है कि इन समस्याओं के बावजूद मेंटेनेंस शुल्क में भारी बढ़ोतरी की गई है। प्रदर्शनकारियों ने सोसायटी के फेज-2 और फेज-3 परियोजनाओं में हुई देरी से जुड़े खर्चों पर भी सवाल उठाए। उनका आरोप है कि अधूरे या विलंबित चरणों से संबंधित कॉमन एरिया और प्रबंधन व्यय का बोझ मौजूदा निवासियों पर डाला जा रहा है, जिसकी पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। निवासियों ने स्वीकार किया कि न्यूनतम वेतन में वृद्धि और बढ़ती परिचालन लागत का मेंटेनेंस शुल्क पर कुछ प्रभाव पड़ सकता है। हालांकि, उनका कहना है कि 48 प्रतिशत की बढ़ोतरी किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराई जा सकती। उन्होंने पिछले 24 महीनों के मेंटेनेंस खातों, एजेंसी शुल्क और अन्य खर्चों का विस्तृत ब्योरा सार्वजनिक करने की मांग की है।

प्रदर्शनकारी निवासियों ने टाटा रियल्टी, सीबीआरई और सोसायटी प्रबंधन से सात दिनों के भीतर बैठक बुलाने की मांग की है। उनकी अन्य मांगों में शुल्क वृद्धि पर पुनर्विचार, दोहरे प्रबंधन शुल्क को समाप्त करना और रखरखाव सेवाओं में सुधार के लिए समयबद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत करना शामिल है। प्रदर्शन के दौरान निवासी प्रतिनिधियों ने कहा, "हम उचित मेंटेनेंस शुल्क के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन खराब सेवाओं के बीच 48 प्रतिशत की शुल्क वृद्धि स्वीकार्य नहीं है।

# ग्रेनो में दो और एसटीपी का निर्माण जल्द होगा

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा ईस्ट और वेस्ट इलाके में घरों और फैक्टरियों से निकलने वाले सीवरेज को शोधित करने की क्षमता बढ़ाई जाएगी। इसके लिए 80 और 12 एमएलडी क्षमता के दो सीवरेज शोधित संयंत्र (एसटीपी) का निर्माण जल्द किया जाएगा। प्राधिकरण ने निविदा जारी कर तैयारी शुरू कर दी है।

प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक कार्यदायी संस्था का चयन कर अगले दो से तीन माह में एसटीपी का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। आधुनिक तकनीक पर आधारित 80 एमएलडी क्षमता के एसटीपी के लिए ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सेक्टर नॉलेज पार्क-5 के समीप सेक्टर रिक्रिएशनल ग्रीन-6 ( मनोरंजक हरा-भरा क्षेत्र-6) में जगह चिन्हित कर ली गई है। इस एसटीपी के निर्माण पर 269.61 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। कार्यदायी संस्था ही 10 साल तक रखरखाव और संचालन करेगी। आवासीय और औद्योगिक सेक्टरों के अलावा आसपास के गांवों को भी इससे जोड़ा जाएगा। वहीं, 12 एमएलडी क्षमता का एसटीपी सेक्टर आईटी सिटी में बनाया जाएगा। वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव ने बताया कि सीवर के शोधित पानी का इस्तेमाल पार्कों और हरित क्षेत्र की सिंचाई में किया जा रहा है।

## बारिश से 15 सेक्टरों में बिजली गुल

**नोएडा।** शहर के 15 से अधिक सेक्टरों में बारिश के कारण रविवार को लोगों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ा। कुछ सेक्टरों में तो लोगों को चार घंटे तक बिजली कटौती का सामना करना पड़ा। उपभोक्ताओं का आरोप है कि विद्युत निगम के स्थानीय कंट्रोल रूम के नंबर पर शिकायत करने के बाद भी कोई समाधान नहीं हुआ। नोएडा में कई स्थानों पर शनिवार रात से रविवार सुबह तक हल्की बारिश होती रही। इससे बिजली लाइन और ट्रांसफार्मर में लोकल फॉल्ट की वजह से बत्ती गुल हो गई। वहीं, लगातार बारिश होने से उपकेंद्रों में भी नमी ने तकनीकी खामियां आने लगी। इससे आपूर्ति बाधित हुई।

# नोएडा में गोल्फ कोर्स निर्माण में देरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के सेक्टर-151 ए में प्रस्तावित गोल्फ कोर्स परियोजना में लगातार देरी हो रही है। करीब 113.87 एकड़ क्षेत्रफल में बनने वाले इस गोल्फ कोर्स का निर्माण कार्य साल 2021 में शुरू हुआ था, लेकिन अब तक परियोजना केवल 65 प्रतिशत ही पूरी हो सकी है। भूमि अधिग्रहण में देरी और संविदाकार की लापरवाही के चलते परियोजना की रफ्तार धीमी पड़ गई है।

प्राधिकरण के अनुसार गोल्फ कोर्स परियोजना का कुल क्षेत्रफल 4,60,843 वर्गमीटर (113.87 एकड़) है। परियोजना की कुल संयुक्त लागत 132.49 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। इसमें सिविल कार्य पर 100.08 करोड़ रुपये, विद्युत कार्य पर 20.65 करोड़ रुपये, उद्यान कार्य पर 12.13 करोड़ रुपये खर्च किए जाने हैं।परियोजना का कार्य 1 जुलाई 2021 से शुरू किया गया था। वर्तमान में परियोजना की भौतिक प्रगति 65 प्रतिशत तथा वित्तीय प्रगति 53 प्रतिशत बताई गई है। प्राधिकरण अधिकारियों के अनुसार परियोजना में विभिन्न मदों में आवश्यकता के अनुरूप विचलन होने व परियोजना क्षेत्र की कुछ भूमि अब तक अनार्जित रहने के कारण कार्य प्रभावित हुआ। इसके अलावा संविदाकार स्तर पर भी अनावश्यक देरी किया।

**इन खसरा नंबर की नहीं मिली जमील:** अब भी ग्राम कामबक्शपुर के खसरा संख्या 74, 295, 99, 101, 98, 90, 106, 107, 91 और 68 तथा ग्राम झट्टा के खसरा संख्या 456 की भूमि का अधिग्रहण बाकी है। भूलेख विभाग की ओर से इन जमीनों के अर्जन की कार्रवाई जारी है। प्राधिकरण ने यह भी माना है कि संविदाकार ने गोल्फ कोर्स निर्माण कार्य में रुचि नहीं दिखाई। इसके चलते संबंधित संविदाकार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और उसे काली सूची में डालने की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

**अलग से जारी किया जाएगा टेंडर:** वहीं, निर्माणाधीन गोल्फ कोर्स के बचे हुए कार्यों को पूरा कराने के लिए अलग से नया टेंडर जारी करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए आगणन को सक्षम स्तर से मंजूरी मिल चुकी है। एनआईटी स्वीकृति के बाद नई निविदाएं आमंत्रित कर अनुबंध गठन के पश्चात शेष कार्य जल्द शुरू कराने की योजना है।

# चोरी के समान के साथ तीन शातिर चोर गिरफ्तार





शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनमें निखिल भाटी और भारत भाटी निवासी लुहारली को स्टील के गेट व अन्य सामान चुराने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली भी बरामद किए हैं।

जिन्हें चोरी की घटना को अंजाम देने में प्रयोग किया गया था। जबकि एक अन्य घटना में विजेंद्र सिंह निवासी काशीराम कॉलोनी को एक मकान से पाजेब चोरी करने के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों चोरों को जेल भेज दिया है।

# दौड़ से पर्यावरण बचाने का संदेश दिया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सेक्टर-34 में 'रन फॉर मदर अर्थ' के संदेश के साथ मैराथन का आयोजन किया गया। सेक्टर-34 के कम्युनिटी सेंटर से शुरू हुई दौड़ सेक्टर-21ए स्टेडियम से होकर कम्युनिटी सेंटर पर समाप्त हुई। मैराथन में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों ने हिस्सा लेकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए के सहयोग से इस दौड़ का आयोजन किया गया। करीब पांच किलोमीटर लंबी इस दौड़ में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेश भी प्रदर्शित कर लोगों को जागरूक किया। फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए सेक्टर-34 के महासचिव धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि आज बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए।

कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज संस्थान की मेघा दीदी ने आध्यात्मिक मूल्यों के माध्यम से प्रकृति और मानव जीवन के गहरे संबंध पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रकृति की सुरक्षा ही आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है।

# जिम में आग लगने पर 15 लोगों को सुरक्षित निकाला

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कस्बे में रविवार को एक जिम में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही जेवर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए जिम में फंसे करीब 20 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

यह घटना उस समय हुई जब जिम में कई युवक व्यायाम कर रहे थे। आग लगने के दौरान जिम के अंदर लगभग 15 से 20 लोग मौजूद थे। अचानक धुआं उठता दिखाई दिया, जिसके बाद कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और जिम में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। फायर ब्रिगेड और जेवर थाना पुलिस की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान शुरू किया।

दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने के साथ-साथ अंदर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। समय रहते किए गए इस रेस्क्यू अभियान से एक बड़ा हादसा टल गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण इनवर्टर की बैटरी में शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि आग के सटीक कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। आग से जिम में रखे उपकरणों और अन्य सामान को काफी नुकसान पहुंचा है।

पुलिस और फायर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि समय रहते कार्रवाई किए जाने के कारण बड़ी जनहानि टल गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और काफी देर तक क्षेत्र में गहमागहमी बनी रही।

# शुल्क वृद्धि के विरोध में लोगों का प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** सुपरटेक इको विलेज-1 सोसाइटी में सार्वजनिक क्षेत्र के (कॉमन एरिया) मेंटेनेंस शुल्क में वृद्धि किए जाने के विरोध में रविवार को लोगों ने प्रदर्शन किया। सोसाइटी निवासी संजय शर्मा ने बताया कि सोसाइटी का रखरखाव कर रही वाईजी फैसिलिटी एजेंसी ने 29 मई 2026 को जारी नोटिस में मेंटेनेंस शुल्क में 89 पैसे प्रति वर्ग फुट की वृद्धि कर दी। इसे एक जून 2026 से लागू करने की घोषणा की गई। इससे लोगों में नाराजगी है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में आईआरपी हितेश गोयल और बिल्डर प्रबंधन ने ग्रेविटी एजेंसी को हटाकर वाईजी फैसिलिटी एजेंसी को नियुक्त था।

उस समय लोगों को ई-मेल के माध्यम से यह जानकारी दी गई कि एजेंसी 2.36 रुपये प्रति वर्ग फुट की दर से मेंटेनेंस सेवाएं उपलब्ध कराएगी। मात्र आठ महीने बाद ही एजेंसी ने बिना लोगों की सहमति के शुल्क में वृद्धि कर दी। ऐसे में लोगों ने वाईजी फैसिलिटी कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर बढ़े हुए शुल्क को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि निर्णय वापस नहीं लिया गया तो एजेंसी को हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# प्रॉपर्टी डीलर समेत चार पर मुकदमा दर्ज




शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** सेक्टर-113 थाना क्षेत्र के पर्थला खंजरपुर गांव में रकम के लेनदेन के विवाद को लेकर एक प्लंबर पर जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कृष्णाकुंज में परिवार के साथ रहने वाले सुमित नारायण ने पुलिस को बताया कि वह प्लंबर का काम करते हैं। उनके पड़ोस में रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर हरजीत यादव के साथ कामकाजी संबंध रहे हैं। दोनों के बीच पिछले कुछ समय से रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। 21 मई की दोपहर हरजीत यादव ने उन्हें फोन कर जरूरी बातचीत के बहाने अपने घर बुलाया। दोपहर करीब ढाई बजे मौके पर पहुंचे तो वहां हरजीत यादव, उसके मामा और मामा के दो बेटे पहले से मौजूद थे।चारों ने पहले से बनाई गई योजना के तहत उन पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में सुमित के सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आईं। उनके बाएं हाथ की हड्डी भी टूट गई। पीड़ित का यह भी आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपितों ने गाली-गलौज की, जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और मोहल्ला छोड़कर जाने को कहा गया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई।

घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराया, जिसमें चोटों की पुष्टि हुई। सुमित का उपचार अभी जारी है। सेक्टर-113 थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर हरजीत यादव समेत चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

